**Title:** Raised a discussion on points arising out of the answer given by the Minister of Food and Consumer Affairs on 1.12.98 during Question Hour regarding hike in import duty on sugar.

17.45 hrs.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We shall go to Item No.21. Shri K.S. Rao.

SHRI K.S. RAO (MACHILIPATNAM): Sir, any policy that is normally evolved or declared by a Government must always take into account the national interest. Most countries which believe in liberalisation, also take their national interest into account. Countries like the U.S.A., who speak day in and day out about liberalisation, free movement, etc. when it comes to question of affecting their national interest, they also impose anti-dumbing duties to prevent certain commodities from entering into their market. A country which is mostly dependant on agriculture and agro-based industries, I regret to say that the policies are anti-national, more particularly, when the concerned Minister for Food and Consumer Affairs declares that the stock of sugar that is available in the country is sufficient to take care of the needs of the country and there would not be any increase in price in the market also.

I do not understand why the Finance Minister has not acted to the request of the sugar industry where around Rs.40,000 crore of public and private money is involved. Not only their money, but as you know, 45 million sugarcane growers are dependent on the sugarcane industry and about two million workers are dependent on the sugar industry. All of them are getting affected by the policies of the Government in making duty-free import and on great pressure, accepting to levy five per cent only while the demand from the agricultural community and also the sugarcane industry of the country is to increase the duty from five per cent to 40 per cent, to save the domestic industry and the interests of the cane growers.

It is understood that the hon. Minister for Food and Consumer Affairs has sent a Report to the Ministry of Finance requesting for increasing the duty from five per cent to 40 per cent. Even then, the Minister of Finance has not come forward to accept the genuine demands of not only the growers but also, his colleague, the hon. Food Minister. On the other hand, I do not understand the reasons for it.

There are instances where we have brought it to the notice of the hon. Finance Minister for levying more duties on import of some spare parts to manufacture finished goods. When the Indian industrialists are prepared to import 10 per cent of the component and making 100 per cent product, the import duty is high, while the import of the total commodity comes to 100 per cent, the import duty is less. It is a great anomaly. While he could do it against the interest of the nation there, possible he wants the same thing here also. With the support of some vested interests, he wanted to import sugar, by not taking care of the interests of the farmers and the nation.

These irregular policies of import and export on various occasions are affecting the nation very badly. We can understand that we may not be good in the field of weapon-making; we may not be good in the field of manufacturing aeroplane; we may not be good in the field of making big computers, where profit margin is 1000 per cent. In the field of pharmaceuticals, and formulations of drugs, foreign countries are making 1000 per cent, 100 per cent profit, while the margin in these agro-based industries in our country is very less. We do not have good R&D facilities. The industry which is flourishing in this country should not be killed. Sugar industry is one such industry. It should not be left to the whims and fancies of one hon. Minister in the Cabinet while the other hon. Minister accepts and understands the reality.

Sir, I will give some statistics in this regard. The sugar industry has been repeatedly impressing upon the Government for the last one year that around 450 sugar mills in this country will become sick if the Government does not act on this and stop the import of sugar from other countries.

Sir, as you are aware, India is the largest producer of sugar and it is also the largest consumer. But it is unfortunate that we are importing sugar from Pakistan whose production is three million tonnes, whereas our production is almost 15.5 million tonnes. The sugar industry has given an assurance that, with proper policies of the Government, they can even go to the extent of exporting sugar to other countries and earn Rs.4,000 crore per year. Now, by importing about one million tonnes of sugar in the last one year, the country has lost Rs.1,200

crore of foreign exchange. Everyday, the Minister is speaking about the importance of foreign exchange, foreign exchange reserves and trade deficit. While he is making a hue and cry about earning foreign exchange, I do not understand what made him to make the country lose Rs.400 crore of foreign exchange in this regard, when there is no need for it. Are we short of progressive farmers in this country who can produce enough sugarcane and sugar in this country? We have got ample knowledge, experience and capacity to produce more. It is only because of the wrong policies of the Government that we are losing this production capacity and the farmers are getting affected.

Sir, in my own constituency where sugarcane is being produced, due to the unstable policies of the Government, the farmers are diverting from sugarcane to other crops. Now, if a large number of farmers were to change from sugarcane to other crops over a period of time, then the need for import of sugar will really come and we will be losing very heavily. Instead of that, if the Government were to go into the subject in detail, understand the problems and encourage the farmers of this country, we can produce sugarcane and sugar in abundance, not only to meet our requirements but also for exporting to other countries.

Sir, I wanted to bring to the notice of my hon. colleagues and also to the hon. Speaker as to how the policy of certain Ministers is affecting the nation. In this particular case, it is very commonly known that even his colleague also is not supported by the Finance Minister. So, I want the entire House to speak in one voice and prevent import of sugar into this country, when there is capacity to produce more sugarcane and sugar here.

The sugar manufacturers have said that the cost of production of sugar in this country, even with the existing irregular policies, is coming to Rs.12 per kilogram and even after levying 10 per cent to 15 per cent duty on the imported sugar, the price would be only Rs.14 per kilogram. It means that there would not be much saving or benefit to the consumers also in reducing the price. Then, what is the need for import of sugar at all?

Similarly, I understand that the total amount of tax that the Government is earning on sugar production is about Rs.2,000 crore. If the Government is interested, they can reduce the excise duty locally and prevent the drain on foreign exchange. Like this, we can find out several other measures to increase the production of not only sugar, but also of various other food items.

Sir, he is the Minister of State for Food and Consumer Affairs and recently we have seen that the prices of several other essential commodities going up in the country. Are we short of farmers who can produce all these things? Why are they not producing them? They are not doing so, because the minimum support price is much less, before they can go in for plantation. There will not be any incentive for the farmers to go for a particular crop and naturally they will not go for that crop. Then, the business community in the country, the exporters and importers, take advantage of the situation. They say that there is a terrible shortage of that item in the country, the prices will go up and then they will say that they have to import it. After importing, the prices will further come down and the farmers will still divert from that crop.

Suppose the Government were to decide the reasonable support price to the farmer. Every agro-product that is required for this nation and the people can be produced at a cheaper rate in this country as compared to the other countries. On many an occasion, we find that the farmer is getting very poor price. But when the product goes out of his hands into the hands of the commission agents or the traders, the price will shoot up. This anomaly has to be rectified by all of us. So, giving an increased price to the farmer will not affect the consumer. But this irregular policy of the Government for import and export or lack of minimum support price is affecting this industry. The hon. Minister has already supported this cause. More than the hon. Minister, I request the hon. Minister of Finance and the Prime Minister and also the entire House to realise how the nation is being affected by its wrong policy. All of us must unanimously support to prevent the sugar from other countries and pay a right price to the farmer - the cane-grower - and the sugar mill industry. Thank you very much.

MR. DEPUTY-SPEAKER: As per rules, two more hon. Members can ask questions. Now, Dr. Laxminarayan Pandey can ask one question.

डा. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय राव जी ने जो बातें कही हैं, उनसे दो-तीन बातें उत्पन्न होती हैं, जिनके संबंध में मैं माननीय मंत्री जी से केवल दो प्रश्न करना चाहता हूं। वर्तमान में हमारे यहां जो चीनी का स्टाक हैं, वह पर्याप्त है। आने वाले समय में जो चीनी का उत्पादन होने वाला है

और जो सरकारी आंकड़े उपलब्ध हुए हैं, उनके अनुसार चीनी का इतना उत्पादन होगा कि हमें किसी प्रकार चीनी के आयात की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसी दशा में बाहर से जो चीनी आयात होती है, उस पर शुल्क लगाकर आयात को रोक सकते हैं। मेरा प्रश्न यह है कि चीनी को आयात करने की स्थिति क्यों पैदा होती है? बार-बार चीनी आयात करने की बात कही जाती है, इससे देश में किसी प्रकार चीनी का संकट न होते हुए भी चीनी का संकट पैदा हो जाता है। वैसे स्थिति का अनुमान लगाकर ही चीनी का आयात किया जाता है। मैं आपके माध्यम से एक बात मंत्री जी से ध्यान में लाना चाहता हूं। पहले चीनी का आयात नाफेड के द्वारा हुआ था। कम दामों पर सौदा हुआ था, लेकिन बाद में ज्यादा दामों पर किया गया। जो जहाज अमरीका से आने वाला था, वह दूसरी जगह चला गया, इससे चीनी के दाम बढ़ गए और चीनी के दाम ४०० डालर प्रतिटन हो गये। इस कारण भी चीनी काफी महंगी हो गई। यह घोटाला भी चीनी घोटाला के नाम से जाना जाता है। इसमें भारत को २८.७५ लाख डालर विदेशी मुद्रा की हानि हुई। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार की स्थिति पैदा न होने दे और कृत्रिम अभाव चीनी का पैदा करके जो संकट खड़ा करना चाहते हैं, उसके लिए सरकार क्या करना चाहती है? माननीय मंत्री जी यह भी बतायें कि इस समय देश में चीनी के स्टाक क्या है?

साथ-साथ ही मैं एक बात और कहना चाहता हूं, वर्तमान में किसानों को उनके उत्पादन का दाम अत्यधिक कम है, उन्हें पूरा दाम दिया जाना चाहिए। मैं एक प्रश्न और उठाना चाहता हूं। गन्ना उत्पादकों की करोड़ो रुपए की राशि अलग-अलग मिलों के पास हो गई है। मिलें काफी पुरानी हो गई है और इनको आधुनिक बनाने के लिए प्रस्ताव पेश किए जाते हैं। कृषि मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट १९९७-९८ में साफ-साफ कहा गया है कि चीनी विकास कोष, खाद्य निगम भारत सरकार द्वारा १९९६-९७ में आधुनिकीकरण और विस्तार के कार्यक्रमों के लिए तीन सहकारी मिलों को ऋण सहायता दी गई थी। और अन्य मिलों को जो सहायता दी गई थी, उसके बाद भी उनका आधुनिकीकरण न होने से और विस्तार न होने से लाभ नहीं हुआ है। हमारी जो पुरानी चीनी मिलें हैं, उनकी क्षमता पर्याप्त नहीं है। इस दृष्टि से उनको ठीक किए जाने की आवश्यकता है।

मैं एक बात पेमेंट के बारे में कहना चाहता हूं। किसानों के गन्ने का पेमेंट समय पर होना चाहिए। शुगर केन एक्ट बना हुआ है शुगर केन कंट्रोल ऑडर अभी भी है, उसमें प्रावधान है कि अगर १५ दिनों के अन्दर किसानों को पेमेंट नहीं होता है, तो उनको बयाज के साथ पेमेंट होगा। लेकिन कई चीनी मिलें ऐसी हैं, जिन्होंने अभी तक पेमेंट नहीं किया है। मैं चाहता हूं कि सरकार उनको पेमेंट के साथ ब्याज भी दिलाने की व्यवस्था करें और उत्पादन बढ़ाने के दृष्टि से कदम उठाए। जगह-जगह सहकारी समितियां बनी हुई हैं केन कांउसिंन भी बनी हुई है। और जहां जहां भी इनके द्रारा गन्ना उत्पादन करने के लिए कार्यक्रजम हाथ में लिए जाते हैं, इन कार्यक्रमों पर काफी पैसा खर्च होता है, लेकिन उत्पादन नहीं बढ़ रहा है। इस कारण भी चीनी मिलें बन्द होती जा रही हैं और हजारों मजदूर बेकार हो रहे हैं। चीनी मिलें बन्द न हों, उनको आर्थिक सहायता दी जाए और किसानों को पर्याप्त राशि दी जाए तथा आयात के बारे में पुनर्विचार करें व घोटाले को रोकने का सरकार प्रयत्न करे।

18.00 Hrs.

श्री अमर पाल सिंह (मेरठ): उपाध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। आधे घंटे की चर्चा में अभी दस मिनट कुल हुए हैं और मेरे तीन प्रश्न हैं। ... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप तीन प्रश्नों को एक प्रश्न के रूप में पूछिए।

श्री अमर पाल सिंह : महोदय, ठीक है। १९९१-९२ में हमारा देश चीनी का निर्यात कर रहा था। किसान ने गन्ने का अधिक उत्पादन किया था लेकिन उसकी आर्थिक दुर्दशा हो गई। खेत में गन्ना जलाना पड़ा, इस कारण गन्ने का उत्पादन गिरा। १९९४-९५ में शुगर का उत्पादन कम हुआ और देश में चीनी का संकट पैदा हुआ तथा २० रुपए से लेकर २५ रुपए प्रति किलो चीनी बिकी। १९९४-९५ में चीनी आयात करनी पड़ी, देश को घाटा उठाना पड़ा। महोदय, मंत्री जी ने जवाब दिया था कि प्याज का उत्पादन अधिक हुआ, प्याज खेत में सड़ गया इसलिए महंगा हो गया। आलू भी महंगा हो गया क्योंकि यह भी १९९६-९७ में सड़ गया और उसकी आर्थिक दुर्दशा हुई। अब यह जो आयात कर रहे हैं, मेरी समझ में नहीं आता कि क्या बात है? १० अक्तूबर को ५४ लाख टन चीनी का स्टाक था और १०० लाख टन चीनी पैदा होने का अनुमान है। वार्षिक खपत १४३ लाख टन है इसलिए चीनी आयात पर अविलम्ब प्रतिबंध लगना चाहिए। डबल्यूटीओ में भी १५० प्रतिशत तक आयात शुल्क लग सकता है, इस प्रकार अविलम्ब ५० प्रतिशत आयात शुल्क लगना चाहिए। उत्तर प्रदेश में गन्ने का दाम पंजाब से दस रुपए और हरियाणा से प्रति क्विंटल कम है तथा मिलों की रिकवरी हरियाणा और पंजाब से ज्यादा है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वह क्या उपाय करेंगे? उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के साथ जो ज्यादती हो रही है उसका निराकरण करने के लिए क्या उत्तर प्रदेश सरकार को लिखेंगे, कुछ आदेश जारी करेंगे या गन्ना किसानों को इस तरह लुटने देंगे। देश में विद्युत की कमी है। ... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने पहले ही कहा कि एक ही सवाल कहें।

श्री अमर पाल सिंह : मेरा एक ही सवाल कंटीन्यू है। महोदय, दुनिया भर में विद्युत की कमी है और चीनी उद्योग में विद्युत उत्पादन की बहुत बड़ी क्षमता है। वर्लड में जो २५,००० क्विंटल गन्ना प्रतिदिन क्रेश कर रही है वह चीनी मिल खोई से अल्ट्रामॉडर्न और हाई प्रेशर बॉयलर लगा कर २५ मेगावट विद्युत प्रतिदिन उत्पादन कर रही है। हमारे देश में ऐसी-ऐसी मिले हैं जो एक लाख क्विंटल गन्ना पेर रही हैं, जो सौ मेगावाट प्रतिदिन बना सकती हैं। ५०,००० मेगावाट विद्युत बना सकती है। क्या उन्हें सरकार कुछ विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए राहत देगी?

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : उपाध्यक्ष महोदय, हमने भी नाम दिया है। ... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Where were you when I called your name? You do not have the right now but still I am giving you a chance to put only one question.

इसमें भाषण नहीं होता। रूल क्लियर है, यहां स्टेटमेंट बनने के बाद जो प्रश्न पूछते हैं उनमें दो माननीय सदस्यों के नाम होते हैं।

... (व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने मुझे चीनी पर पूछने के लिए मौका दिया। मैं मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि उत्तर प्देश में सबसे बुरी स्थिति इस समय गन्ना उत्पादकों के चीनी मिलों की है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री, कल्याण सिंह जी ने भी केन्द्र सरकार को पत्र लिख कर मना किया है कि चीनी का आयात न किया जाए। पिछले वर्ष का करीब २०० करोड़ रुपया गन्ना भुगतान का किसानों का बाकी हैं। क्या मंत्री जी इस संबंध में कोई कारगर कदम किसानों के हित के लिए उठाएंगे ताकि इसमें किसानों का हित हो सके और किसानों को उचित मूल्य मिल सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let me tell you that as per the rule concerning the Half-an-Hour discussion, only three hon. Members can put questions. As a special case I am allowing you to ask one single question. So, only three hon. Members may put only one short question each. Then the hon. Minister will reply. This will not be treated as a precedent hereafter.

SHRI PRITHVIRAJ D. CHAVAN (KARAD): Mr. Deputy-Speaker, this is a very crucial question which is affecting the sugarcane industry and the sugarcane farmers.

The hon. Minister, Shri Madan Lal Khurana has just come here. The Prime Minister had made a statement in this House on this subject. Shri Khurana will remember that he also had made a statement that the Government was considering the question of increasing the import duty on sugar. On December 3, l998 he said that the Government would consider it within two or three days. The hon. Prime Minister also had said that he was seriously considering it. What is the hitch?

There is an allegation that some very high people are importing sugar from Pakistan and just to allow them to import, the import duty is not being raised.

I want a categorical assurance from the Government about the decision taken by the Government. Are they going to increase the import duty from five per cent to 50 per cent or not?

श्री कल्पनाथ राय (घोसी) : आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी का बयान रेडियो और टी.वी. पर आया कि सरकार चीनी का आयात नहीं करेगी। उनके बयान को मद्देनजर रखते हुए श्री खुराना जी ने संसद में कहा कि अब दो-तीन दिनों के बाद चीनी का आयात नहीं होगा। वाणिज्य मंत्री श्री रामकृष्ण हेगड़े जी ने कहा कि अब चीनी का आयात नहीं होगा। खाद्य मंत्री श्री बरनाला जी ने कहा कि चीनी का आयात होगा तो ४० प्रतिशत कस्टम डयूटी लगाई जाएगी। लेकिन आज भी चीनी का आयात भारी मात्रा में हो रहा है। एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार १५० लाख टन चीनी का उत्पादन होने वाला है और ५४ लाख टन हमारे पास पहले से ही है, तो २०५ लाख टन चीनी जब आपके पास है और कुल १५० लाख टन की आपकी आवश्यकता है, फिर विदेश से चीनी मंगाकर हिंदुस्तान के चीनी उद्योग को नष्ट करने का सरकार क्यों प्रयास कर रही है।

श्री राजवीर सिंह (आंवला): आज चीनी मिलों की दुर्दशा हो रही है। पहले चीनी मिलों को लाइसेंस लेना पड़ता था लेकिन इस सरकार ने चीनी मिलों को डी-लाइसेंस कर दिया है। जब लाइसेंस था तब चीनी मिलों को बनाने के लिए दो साल पहले लाइसेंस दिये गये थे लेकिन उन्होंने अभी तक चीनी मिलें लगाई नहीं हैं और अब डी-लाइसेंस कर दिया गया है। क्या यह गन्ना किसानों के हित में होगा कि वहां पर छूट दे दी जाए क्योंकि हमको यह बताया गया है कि जहां लाइसेंस इश्यू है और लाइसेंस धारक अगर मना करेंगे तो वहां नयी चीनी मिले नहीं लगाई जाएगी, और वे मना नहीं कर रहे हैं। नतीजा यह हो रहा है कि किसानों को बहुत परेशानी है, नयी चीनी मिलें बन नहीं रही हैं। मैं स्पैसिफिक प्रश्न यह पूछ रहा हूं कि क्या जिन्होंने दो-दो, तीन-तीन साल से बेचने के लिए लाइसेंस ले रखे थे ऐसे फ्रॉड लोगों के लाइसेंस आप रद्द करेंगे जिससे नये लोग चीनी मिलें लगा सकें।

SHRI K. PALANISWAMI (TIRUCHENGODE): Thank you, Mr. Deputy-Speaker, for giving me an opportunity. In Tamil Nadu this is the only profitable crop. I want to know what is the necessity for the Government to import sugar when we are having sufficient stocks here.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): The State of Kerala is a consumer State cent per cent in the matter of sugar and sugarcane.

Previously, the Central Government had released the quota of sugar for being distributed through the ration shops as well as through fair price shops. Now, after delicensing, the situation has changed and both the Central Government and the FCI are not supplying sugar. There is an acute shortage of sugar supply in the ration shops. So, the Central Government may be pleased to retain this supply of sugar as before so that it could be sold to the common man through the ration shops. We have a very efficient public distribution system and that system is now in a dangerous situation or in a very difficult situation for we do not have sufficient supply of sugar from the Central pool. I, therefore, request the hon. Food Minister to have the supply continued as it was done previously.

SHRI SHARAD PAWAR (BARAMATI): Just now our hon. friend from Kerala has raised the issue that there is a shortage of sugar for public distribution system. It seems to be due to some problem of management because last year there was a surplus stock by 45 per cent. This year, the normal production will be much more than what is required for this country. With this background, there should not be any problem for any public distribution shop or any fair price shop. There was some management problem. I think the Government has to take some initiative to resolve this problem.

Secondly, the most important thing is that about more than 10 lakh tonnes of sugar has already been imported and as per our information, there is an agreement for import of further 19 lakh tonnes of sugar. This will destroy the entire farming community who are associated with the sugar crops. I think this is high time that the Government should take some bold decision. There were series of meetings at the highest level, at Prime Minister's level, at Agriculture Minister's level and at Food Minister's level. But I cannot understand what exactly is happening. This is high time that the Government should put a heavy duty, stop this import, and try to protect the local farmers.

खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सत्यपाल सिंह यादव): माननीय उपाध्यक्ष जी, माननीय नेता विरोधी दल तथा अन्य माननीय सदस्यों ने जो चीनी उद्योग के संबंध में कुछ प्रश्न उठाए हैं, वे वास्तव में बहुत ही रेलेवेण्ट हैं क्योंकि यह ऐग्रो बेस्ड इंडस्ट्री है। इसमें जैसा कि हमारे माननीय सदस्य ने सबसे पहले कहा था कि करीब दो मिलियन लेबर का सवाल है और साथ-साथ किसानों की काफी समस्याएं भी हैं जिनका निदान होना चाहिए। दो तीन प्रश्न आज उठाए गए हैं। एक प्रश्न उठाया गया कि जो पांच प्रतिशत लेवी हुई है, इसे क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा है और मांग की गई कि इसको बढ़ाया जाना चाहिए। तीसरा प्रश्न यह भी उठाया गया कि किसानों को गन्ने का मूल्य कहीं पर ज्यादा और कहीं पर कम मिलता है। पंजाब तथा हरियाणा में ज्यादा बताया गया और उत्तर प्रदेश में कम बताया गया है। यह कहा गया कि गन्ने के मूल्य में कोई यूनैनिमिटी नहीं है और यूनैनिमिटी होनी चाहिए। मैं इसमें से हरेक पर संक्षेप में जवाब देना चाहूंगा।

पहली बात यह है कि इस साल जो बकाया है, उस बकाया के संबंध में मेरा कहना है कि अगर पिछला रेकार्ड देख लिया जाए तो १९९५-९६ में ६२५.८८ करोड़ रुपया बकाया था जो ६.९ प्रतिशत होता है। १९९६-९७ में ३८९.४ करोड़ रुपया बकाया था जो ५.३४ प्रतिशत होता है और इस वर्ष १९९८-९९ में मात्र १३०.८९ करोड़ रुपया बकाया है, जो टोटल पेमेण्ट हुआ है, उसका ५.६३ परसेंट है। हमारा कहना यह है कि सबसे कम बकाया इस वर्ष में है और जो भी बकाया बाकी रह गया है, इसके संबंध में मंत्रालय की तरफ से प्रत्येक मुख्य मंत्री को केटागरिकली लिख दिया गया है कि इनकी पेमेण्ट जल्दी से जल्दी करें।

SHRI VIRENDRA VERMA (KAIRANA): Sir, I have a point of order.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You should quote the rule. Under what rule you are raising the point of order?

SHRI VIRENDRA VERMA (KAIRANA): I do not know.

माननीय मंत्री जी जो कह रहे हैं मैं उसी से संबंधित कह रहा हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: There is no point of order. You are a senior Member. Why are you raising a point of order when there is no point of order?

श्री वीरेन्द्र वर्मा : मंत्री जी यही कह दें कि जो बकाया पड़ा है उस पर सरकार के कानून के मुताबिक १५ फीसदी का सूद क्यों नहीं दिलवाते, क्या आप वह सूद दिलवायेंगे?

श्री सत्यपाल सिंह यादवः माननीय उपाध्यक्ष महोदय, गन्ना किसानो का पेमेन्ट का अधिकार पूरी तरह से हर राज्य सरकार का है। यह हमारा अधिकार नहीं है कि हम उनको पेमेन्ट करें। हमने हर एक मुख्य मंत्री को लिखा है कि वह जल्दी से जल्दी किसानों का पेमेन्ट करें। उनका पेमेन्ट करने का उत्तरदायित्व पूरी तरीके से राज्य सरकारों का है।

डा. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह जो प्रश्न किया था कि जो बकाया है उस पर शूगर केन एक्ट केन्द्र का है और वह इंटरेस्ट राज्य सरकारें नहीं दिलवाती हैं और मिल वाले भी नहीं देते हैं। फिर एक्ट का पालन क्यों नहीं हो रहा है। आप उस एक्ट का पालन क्यों नहीं करवाते हैं कि अगर उनको लेट पेमेन्ट दिया जाता है तो उनको इंटरेस्ट दिया जाए।

... (व्यवधान)

श्री सत्यपाल सिंह यादवः उपाध्यक्ष महोदय, पांडेय जी ने जो प्रश्न उठाया है कि इनके बकाये पर सूद क्यों नहीं दिया जा रहा है। उस पर मैं कहना चाहता हूं कि चूंकि यह राज्य सरकारों को देना है। जहां मैंने यह लिखा है कि इनका पेमेन्ट जल्दी किया जाए, वहीं इस विषय में प्रत्येक राज्य सरकार के लिए हम लिखेंगे कि केन्द्र सरकार के कानून का अनुपालन किया जाए।

दूसरी बात यह है कि जो आपने कहा कि हर स्टेट में कीमतें डिफर कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में ८० से ८२ रूपये है, पंजाब और हरियाणा में ९० से ९५ रूपये हैं तथा अन्य प्रदेशों में अलग-अलग कीमतें है। एस.एम.पी. प्राइस केन्द्र सरकार तय करती है, एस.एम.पी. प्राइस ५२.७० रूपये हम लोगों ने तय किया है।

SHRI K.S. RAO : It is very low.

श्री सत्यपाल सिंह यादवः हां, हर एक राज्य सरकार ने इसमें सपोर्ट प्राइस मिलाकर उसको बढ़ाया है। जैसे उत्तर प्रदेश में ८० रूपये से ८२ रूपये है। जहां तक पंजाब और हरियाणा का प्रश्न है, वहां हमने इस संबंध में मालूमात की तो वहां चीनी मिलों में जो क्रशिंग कैपेसिटी है, उसके मुकाबले वहां गन्ने का उत्पादन कम है। वहां की सरकार ने इन्सैंटिव दिया है कि वह ९०-९५ रूपये देकर गन्ना किसानो को प्रोत्साहित कर रही है ताकि गन्ने का उत्पादन ज्यादा हो। इस तरह का अधिकार प्रत्येक राज्य सरकार को है कि वह गन्ने का उत्पादन बढ़ाये तथा राज्य गन्ना किसानों का मूल्य उनकी सुविधा, उनकी लागत मूल्य के अनुसार तय करे। यह हर राज्य सरकार का कर्तव्य है।

उपाध्यक्ष महोदय, इसके बाद इम्पोर्ट का प्रश्न आता है। जिस पर हमारे माननीय नेता विरोधी दल प्रधान मंत्री जी के पास गये थे और मैं समझता हूं कि आपके साथ एन.एस.सी.एफ. के लोग भी थे। माननीय नेता विरोधी दल जब प्रधान मंत्री जी के पास गये थे, तब बरनाला साहब और मैं वहां मौजूद थे। आपका यही कहना था कि हमारे यहां इस समय जो इम्पोर्ट हो रहा है, उसमें हर देश की इम्पोर्ट डयूटी हमारे यहां से ज्यादा है, यह पांच फीसदी से अधिक है। लेकिन हमारे देश में इम्पोर्ट डयूटी कम है और उसका अंजाम यह हो रहा है कि हमारे यहां काफी चीनी इम्पोर्ट हो रही है, जो मुख्यतः पाकिस्तान से इम्पोर्ट हो रही है। इस साल जो चीनी इम्पोर्ट हुई है, उसके संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि अक्टूबर, १९९७ तक ६,९६,१७५ लाख टन चीनी इम्पोर्ट हुई है। अब नवम्बर और दिसम्बर मास का स वाल आता है। इसके बारे में आपका यह कहना था कि

... (व्यवधान)

श्री अमर पाल सिंह : क्या आपके आंकड़े गलत हैं?

श्री सत्यपाल सिंह यादवः आंकड़े गलत नहीं है, यह आंकड़े मैं लेकर ही बता रहा हूं। अक्टूबर में ८४,४३३ टन हुई है और नवम्बर में ४९१३९ टन हुई है। हमारे मंत्रिपरिषद के सदस्यो ने रिमार्क किया कि हमारा इम्पोर्ट कम होगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप देख लीजिए कि यह अक्टूबर में ८४,४३३ से घटकर ४९,१३९ रह गई है। जहां तक इम्पोर्ट का प्रश्न है, उसमें हमारी इम्पोर्ट डयूटी कम है। इस बात को प्रधान मंत्री जी ने भी माना इसकी प्रोसेसिंग हो रही है, इसकी रिपोर्ट सी.सी.पी. में पहुंच चुकी है

... (व्यवधान)

SHRI K.S. RAO : How long this process will continue?

श्री सत्यपाल सिंह यादवः सी.सी.पी. के पास हमारे यहां से बरनाला साहब ने नोट भेजा है कि इम्पोर्ट डयूटी बढ़ाई जानी चाहिए।

श्री सत्यपाल सिंह यादव उपाध्यक्ष महोदय, आज ही प्रातः मैंने प्रधान मंत्री जे से बात की है। इस संबंध में हमारे माननीय मंत्री खुराना जी ने जैसा कहा है, इस पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। यह बात सही है कि इम्पोर्ट डयूटी बढ़नी चाहिए। मैं आपको बता दूं कि जितना इम्पोर्ट हुआ है वह टोटल कंजम्पशन का पांच-छः प्रतिशत है। यह इम्पोर्ट पाकिस्तान से हुआ है, इस बात को मैं मानता हूं। मैं इस बात को भी स्वीकार कर रहा हूं कि पाकिस्तान चीनी को सब्सीडाइज कर रहा है। इसलिए चीनी का इम्पोर्ट हुआ है, लेकिन वह इतनी बड़ी तादाद में नहीं है जो हमारी वित्तीय स्थिति को गड़बड़ कर सके।

उपाध्यक्ष महोदय, जो हमारा नया वर्ष १९९९ आ रहा है, उसमें मुझे उम्मीद है कि गन्ने का उत्पादन अच्छा होगा। चीनी के ऊपर लेवी पांच प्रतिशत से ज्यादा बढ़नी चाहिए, जिसकी हम बात कर रहे हैं, मैं इस बारे में बताना चाहता हूं कि सिद्धान्ततः सरकार इस बात पर सहमत है और इस समस्या का जल्दी निदान होगा।

SHRI K.S. RAO : When would it be done?
SHRI SATYA PAL SINGH YADAV: It would be done this year, very soon.

... (व्यवधान)

श्री पृथ्वीराज दा. चव्हाण : आपने कितने प्रतिशत लेबी बढ़ाने का रिकमैंड किया है?

श्री सत्पाल सिंह यादवः हमने ४० प्रतिशत की रिकमेंडेशन भेजी है।

मान्यवर चीनी उद्योग के बारे में सबको चिन्ता है। सरकार को भी चिन्ता है और हम यह नहीं चाहते हैं कि हमारे देश में डम्पिंग हो। यहां डंपिंग का प्रश्न ही नहीं होता क्योंकि डंपिंग तभी होती है जब कास्ट आफ प्रोडक्शन से सेल प्राइस लोअर हो जाए। सारे देश में चीनी की कीमत स्टैगनेंट है। उसकी कीमत स्थाई है। कम

नहीं हुई है। थोड़ी बढ़ी जरूर है। इसलिए डंपिंग का सवाल ही नहीं है। डंपिंग तब होती, जब हमारे देश में चीनी की कीमत कम हो गई होती, लेकिन चीनी की कीमत हमारे देश में कम नहीं हुई है।

उपाध्यक्ष महोदय, जैसा राधाकृष्णन जी ने कहा कि उनके पास केरल राज्य में समय से चीनी नहीं पहुंचती है जिससे कठिनाई होती है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हमारे पास चीनी की कमी नहीं है। चीनी पहुंचने में जो कठिनाई है, उसे दूर किया जाएगा।

I have taken note of it and I will see.

श्री पृथ्वीराज दा. चव्हाण : मंत्री जी आपको मालूम होना चाहिए कि पाकिस्तान साढ़े चार रुपए प्रति किलो की सबसिडी दे रहा है, क्यों? डंपिंग के लिए ही तो दे रहा है।

श्री सत्यपाल सिंह यादवः मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे देश में डंपिंग नहीं हो रही है। डंपिंग तब होती, जब चीनी की कीमत गिर जाती। देश में चीनी की संबंध में सारे आंकड़े आपके पास भी हैं और हमारे पास भी हैं। आपको मालूम ही है कि चीनी की प्राइस स्टैगनैंट है। चीनी पहुंचाने में जो देरी हो रही है, उसके पीछे कुछ निहित स्वार्थ के लोग हैं जिन्होंने आलू और प्याज की कृत्रिम कमी पैदा कर स्थिति का लाभ उठाया, वही लोग अब चीनी के बारे में भी ऐसी स्थिति पैदा कर के लाभ उठाना चाहते हैं जिस चाल को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

श्री शरद पवार : उपाध्याय महोदय, मैं दो बातें मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं। उ.प्र. के गन्ना किसानों को गन्ने का भुगतान १५ दिन के अंदर करने को कहा गया है। यदि चीनी मिल मालिक ऐसा नहीं करेंगे, तो उनके खिलाफ क्रिमिनल केस करने का प्रावीजन आर्डर में है। इसके लिए स्टेट गवर्नमेंट को सख्ती से सूचना देने की आवश्यकता है ताकि किसानों को अपनी उपज का मूल्य जल्दी से जल्दी मिले। दूसरे जहां तक इम्पोर्ट के बारे में

In fact, as per our information, the Food Minister has written to the Finance Minister and the Prime Minister but I myself got a letter from the Finance Minister who has said that it is not possible to accept this suggestion. We are not for increasing the duty and we are not worried about this. That type of a reply has been given to me by the Finance Minister.

श्री सत्यपाल सिंह यादवः हमारी ओर से जो ४० प्रतिशत की रिक्मेंडेशन गई थी, उसके बारे में उनकी राय यह है कि ४० प्रतिशत बढ़ोत्तरी नहीं होनी चाहिए। वे इससे डिफरेंट राय रखते हैं, लेकिन इस पर फायनल डिसीजन होना है और जो कलैक्टिव डिसीजन होगा, वह सबको मान्य होगा।

SHRI K.S. RAO : A country like the USA is giving 140 per cent import duty on sugar.
SHRI K.S. RAO (MACHILIPATNAM): USA is levying 140 per cent import duty on sugar. Why should we not? What is the difficulty?
SHRI SATYA PAL SINGH YADAV: Not only in USA, but I can say in many other countries, the import duty is very much higher and it is only in India that it is five per cent. Before 1994, there was zero per cent import duty. Now it is five per cent. We are thinking of increasing import duty. (Interruptions)
SHRI PRITHVIRAJ D. CHAVAN : Why are you protecting Pakistan import of 36 per cent? Who is interested in importing from Pakistan?
SHRI SATYA PAL SINGH YADAV: Government of India is not importing at all.
SHRI PRITHVIRAJ D. CHAVAN : Who are the private traders who are importing it?

चव्हाण जारी आप बताइये कि कौन इम्पोर्ट कर रहा है?

... (व्यवधान)

श्री अमर पाल सिंह : उपाध्यक्ष जी, मेरा प्रश्न था कि जो चीनी उद्योग विद्युत बनाना चाहती हैं, क्या भारत सरकार उनको प्रोत्साहन देगी?

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Minister has already replied.

श्री पृथ्वीराज दा. चव्हाण (कराड़) : उसमें बड़े-बड़े लोगों के रिश्तेदार हैं। आप बताइये कि वे किसके रिश्तेदार हैं?

... (व्यवधान)

४० परसेंट डयूटी पाकिस्तान की मिलों की बता रहे हैं।

... (व्यवधान)

खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री सत्यपाल सिंह यादव): मैं पहले ही कह चुका हूं कि केवल पाकिस्तान और यू.एस.ए. का प्रश्न नहीं है। दुनिया के हर मुल्क के अंदर इम्पोर्ट डयूटी ज्यादा है। हमारी कंट्री के अंदर यह केवल पांच परसेंट है।

Not only Pakistan, but many other countries are exporting sugar to India.
SHRI PRITHVIRAJ D. CHAVAN : Other countries are protecting their farmers. We are not doing it.
SHRI SATYA PAL SINGH YADAV: We are also protecting our farmers by increasing the import duty. We are going to import it.